**पद** : सह/वरिष्ठ परामर्शदाता - विनियामक मामले और नीति परामर्श

**पद कोड** : **CON-51** **कुल पद** : **दो** (02)

**समेकित शुल्क** : सह परामर्शदाता हेतु समेकित शुल्क **75,000/-** रुपये एवं वरिष्ठ परामर्शदाता हेतु **1,25,000/-** रुपये प्रति माह होगा।

**कार्य विवरण :** जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद् (बाइरैक) के भीतर विनियामक मामले एवं नीति परामर्श (आरएपीए) प्रभाग विनियामक अनुमोदन मार्गों को नेविगेट करने में नवप्रवर्तकों को सुविधा प्रदान करता है और स्टार्टअप, एसएमई और युवा उद्यमियों को प्रभावित करने वाली नीतियों हेतु परामर्श देता है। आरएपीए के तहत चयनित अभ्यर्थी निम्नलिखित गतिविधियों को निष्पादित करने हेतु उत्तरदायी होंगे।

**मुख्य उत्तरदायित्व :**

- विनियामक अपडेट की निगरानी करना, स्टार्ट-अप, उद्यमियों और नवप्रवर्तकों को प्रभावित करने वाले संभावित अवसरों और विनियामक चुनौतियों की पहचान करने के लिए बाहरी हितधारकों से संपर्क स्थापित करना।
- वर्तमान विनियामक परिदृश्य का आकलन करना और जोखिमों को कम करने, नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक एकीकृत वकालत दृष्टिकोण तैयार करना।
- राष्ट्रीय महत्व के क्षेत्रों में विनियामक कार्यशालाओं की अवधारणा निर्मित करना, उन्हें व्यवस्थित करना और उनका प्रबंधन करना।
- बैठकें आयोजित करना और सरकार, राज्य एवं उद्योग संघों के साथ-साथ सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों के प्रमुख अधिकारियों और विविध हितधारक समूहों सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों के साथ संपर्क स्थापित करना।
- विनियामक कार्यालयों के लिए RAPA कार्यक्रमों एवं निधि संवितरण प्रक्रिया की देखरेख तथा प्रबंधन करना।
- सम्मेलनों और पैनलों में कंपनी के प्रतिनिधित्व के लिए सार्वजनिक परामर्श, स्थिति पत्रों और प्रस्तुति के लिए प्रतिक्रियाओं का समन्वय और मसौदा तैयार करके सार्वजनिक नीति और वकालत के प्रयासों में योगदान देना।
- डेटाबेस तैयार करना और अद्यतित रखना, प्रभाव अनुसंधान में सहायता करना और श्वेत पत्र, ज्ञान दस्तावेज़, रिपोर्ट, स्थिति पत्र और अन्य क्षेत्र-विशिष्ट अवधारणा नोट तैयार करना।
- RAPA की किसी भी अन्य गतिविधि में सहायता करना और सौंपे गए कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए टीम के साथ काम करना।

**अनिवार्य योग्यता :**

जीवन विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी/कृषि/पादप विज्ञान/चिकित्सा अनुसंधान/नियामक विज्ञान/फार्मा/सार्वजनिक नीति या किसी भी अन्य संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर।

**वांछनीय :** किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से उपर्युक्त किसी भी क्षेत्र में पीएच.डी.।

**अनुभव** :

**सह परामर्शदाता** : राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नियामक निकायों, प्रासंगिक उद्योग, वकालत या परामर्श में योग्यता पश्चात न्यूनतम 2 वर्ष के अनुभव के साथ 3 वर्ष से 10 वर्ष तक का अनुभव ।

**वरिष्ठ परामर्शदाता** : राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नियामक निकायों, प्रासंगिक उद्योग, वकालत या परामर्श में योग्यता पश्चात न्यूनतम 05 वर्ष के अनुभव के साथ 11 से 19 वर्ष का अनुभव।

शोध पत्र, अवधारणा नोट तैयार करने, सांख्यिकीय उपकरणों का उपयोग करके डेटा विश्लेषण में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।

**अधिकतम आयु** : रिक्ति की अंतिम तिथि तक **–**

**सह परामर्शदाता** : अधिकतम **45** वर्ष
**वरिष्ठ परामर्शदाता** : अधिकतम **50** वर्ष